प्रदेश के प्रत्येक उपखंड में खुलेंगे औद्योगिक क्षेत्र

चर्चा में क्यों?

14 मार्च, 2022 को राजस्थान की उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने विधानसभा में बताया कि देश में पहली बार राजस्थान में अभिनव प्रयोग करते हुए प्रत्येक उपखंड पर औद्योगिक क्षेत्र खोले जाने का निर्णय लिया गया है।

प्रमुख बिंदु

- शकुंतला रावत ने कहा कि रीको द्वारा औद्योगिक क्षेत्रों से वंचित 153 उपखंडों में से 129 उपखंडों में भूमि चिह्निनित कर ली गई है और 45 उपखंडों में औद्योगिक क्षेत्र की स्थापना के लिये 2100 करोड़ रुपए से अधिक की प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति जारी कर दी गई है।
- उन्होंने बताया कि गत सरकार द्वारा पूरे कार्यकाल में 2138 औद्योगिक भूखंडों का आवंटन किया गया, वहीं वर्तमान सरकार द्वारा 3 वर्ष में लगभग 4000 भूखंडों का आवंटन किया जा चुका है।
- जन घोषणा-पत्र की अनुपालना में राजस्थान औद्योगिक विकास नीति-2019 जारी की गई है। इसमें समावेशी और सतत् औद्योगिक विकास, औद्योगिक आधारभूत संरचना, प्रतिस्पर्धी वित्तीय प्रोत्साहन आदि का समावेश किया गया है।
- वहीं, रीको द्वारा औद्योगिक क्षेत्र विकास में सराहनीय कार्य किये जा रहे हैं। अभी तक 370 औद्योगिक क्षेत्र स्थापित किये गए हैं। इनमें 41600 इकाईयाँ उत्पादनरत् हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/industrial-area-in-each-subdivision-of-the-state